




नवभारत

भोपाल, सोमवार ,16 मार्च, 2026


एक नजर में



### विधायक ने की कृषि उदय एक्सपो की तैयारियों की समीक्षा

**बुधनी.** आगामी राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो के आयोजन को लेकर विधायक रमाकांत भार्गव ने तैयारियों की समीक्षा की. बैठक में संस्थान के निदेशक डॉ. बीएम नांदेड़ उपस्थित थे. निदेशक डॉ. नांदेड़ ने पावरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से एक्सपो की तैयारियों, प्रदर्शनी क्षेत्र, किसानों की भागीदारी और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी. बैठक में सुरक्षा, पार्किंग, किसानों की सुविधा और प्रशासनिक समन्वय सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई. विधायक रमाकांत भार्गव ने अधिकारियों को सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए. इस मौके पर एसडीएम दिनेश सिंह तोमर, एसडीओपी रवि शर्मा, तहसीलदार ललित सोनी आदि मौजूद थे. उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो का आयोजन 22 से 24 मार्च तक ट्रैक्टर नगर में किया जाएगा.



### नवरात्रि मेले को लेकर व्यापारियों को दिए निर्देश

**सलकनपुर.** मां विजयासन धाम मंदिर परिसर में आगामी नवरात्रि पर्व को देखते हुए प्रशासन द्वारा व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई .बैठक में सुरक्षा व्यवस्था और फायर सेफ्टी को लेकर निर्देश दिए गए. प्रशासन ने स्पष्ट किया कि दुकान संचालन के दौरान घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग नहीं किया जाए. साथ ही दुकानों को निर्धारित सीमा के भीतर ही सामान रखने के निर्देश भी दिए गए. इस दौरान एसडीईआरएफ टीम ने व्यापारियों को आग से बचाव के तरीके, फायर उपकरणों के उपयोग और आग लगने की स्थिति में तत्काल नियंत्रण के उपायों का प्रशिक्षण भी दिया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में समय रहते कार्रवाई की जा सके.



### टीईटी परीक्षा स्थगित करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**सीहोर.** शिक्षक संगठनों के संयुक्त मोर्चा ने शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी स्थगित करने और इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश में वर्ष 1998 से 2003 के बीच नियुक्त शिक्षक विभागीय नियमों के तहत चयनित हुए थे. इसके बाद 2005 और 2008 में संविदा शाला शिक्षक, शिक्षाकर्मी और गुरुजी की पात्रता परीक्षाएं आयोजित की गई थीं, जिन्हें पास करने के बाद ही नियुक्तियां हुई. वहीं 2011 के बाद नियुक्त शिक्षक पहले ही टीईटी उत्तीर्ण कर चयनित हुए हैं. ऐसे में वर्तमान आदेश से डेढ़ लाख शिक्षक प्रभावित हो सकते हैं. जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की है और निर्णय आने तक परीक्षा स्थगित रखी गई है. इसी आधार पर मप्र सरकार से भी शिक्षकों के हित में पुनर्विचार याचिका दायर कर अंतिम निर्णय तक टीईटी परीक्षा स्थगित करने की मांग की गई है.



### पुलिस ने की कार्रवाई, 8 पेटी अवैध देशी शराब जब्त

**जावर.** थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध शराब परिवहन करते गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 69 लीटर देशी प्लेन शराब जब्त की है. जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी हेमंत पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर भाटीखेड़ा, बनखेड़ा और मेहतवाड़ा तिराहा कच्चा रोड पर दबिश दी. कार्रवाई के दौरान मेहतवाड़ा कच्चे रोड़ से एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ पकड़ा. आरोपी की पहचान करण सोलंकी पिता दिनेश सोलंकी निवासी इमलीपुरा मेहतवाड़ा के रूप में हुई है. पुलिस ने आरोपी के पास से 8 पेटी देशी प्लेन शराब जब्त की. जिसकी कीमत लगभग 26 हजार 880 रुपए बताई जा रही है. आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है.




### 20 अप्रैल को उत्साह से मनेगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**सीहोर.** ब्राह्मण धर्मशाला में समाज की बैठक आयोजित की गई. जिसमें निर्णय लिया गया कि सर्वब्राह्मण समाज के तत्वाधान में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव 20 अप्रैल को उत्साह के साथ मनाया जाएगा. पं. सुनील शर्मा ने बताया कि आगामी 20 अप्रैल को भगवान परशुराम का अभिषेक व महाआरती व 26 अप्रैल को शोभायात्रा निकाली जाएगी.

# गैस किल्लत, सिंकने लगीं राजनीतिक रोटियां

## नाली से गैस बनाने वाले बयान पर कांग्रेस ने कसा तंज, कोतवाली चौराहे पर किया अनूठा प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 15 मार्च. घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत और लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को शहर में विरोध प्रदर्शन किया. शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव और नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोतवाली चौराहे पर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के उस बयान पर भी व्यंग्य किया, जिसमें नाली से गैस बनाने की बात कही गई थी. कांग्रेसजनों ने प्रतीकात्मक रूप से नाली में पाइप डालकर गैस चूल्हा जलाने का प्रयास किया.**




**सीहोर.** रसोई गैस की किल्लत के बीच रविवार को शहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखा प्रदर्शन करते हुए सरकार को घेरा.

पश्चिमी एशिया में छिड़े युद्ध के चलते रसोई गैस की किल्लत सिर उठाने लगी है. गैस एजेंसियों पर लोगों की कतारें लगने लगी हैं तो ऐसे में सरकार को घेरने के लिए गैस की किल्लत पर राजनीतिक रोटियां सिंकने लगी हैं. रविवार को शहर कांग्रेस द्वारा अनूठा प्रदर्शन किया गया. जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देशानुसार आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने हाथों में गैस सिलेंडर और तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई. प्रदर्शनकारियों का कहना था कि घरेलू रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों और समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने के कारण आम लोगों की रसोई पर सीधा असर पड़ रहा है.

शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव ने कहा कि केंद्र सरकार को आम जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं रह गया है. उन्होंने आरोप लगाया कि घरेलू गैस की किल्लत और बढ़ती महंगाई भाजपा सरकार की नीतियों की विफलता का परिणाम है. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री को देश की जनता को भ्रमित करने के बजाय वास्तविक समस्याओं का समाधान करना चाहिए. उन्होंने मांग की कि घरेलू गैस की आपूर्ति नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए और कीमतों पर तत्काल नियंत्रण लगाया जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके. नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर ने भी केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार आम नागरिकों की परेशानियों को नजरअंदाज कर रही है. उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज देश की जनता महंगाई और गैस की कमी से जूझ रही है, लेकिन सरकार इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रही. राठौर ने कहा कि यदि समय रहते स्थिति नहीं सुधारी गई तो जनता इसका जवाब आने वाले चुनावों में जरूर देगी.

अनोखे प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि रसोई गैस हर परिवार की बुनियादी जरूरत है और इसकी कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कई परिवारों को सिलेंडर की कीमतों के कारण रसोई का बजट संभालना मुश्किल हो गया है.

### प्रदर्शन में शामिल रहे कांग्रेस कार्यकर्ता

इस विरोध प्रदर्शन में महेश दयाल चौरसिया, ओम वर्मा, राजेंद्र वर्मा, रमेश गुप्ता, प्रीतम दयाल चौरसिया, मनोज पटेल , नरेंद्र खंगराले, आरती खंगराले, ममता शर्मा, ईश्वर सिंह चौहान, मुकेश ठाकुर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चांडक, केके रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, मजीद अंसारी, राहुल ठाकुर, आसिफ अंसारी, गजराज परमार, जितेंद्र परमार, हर्ष गुप्ता, मनीष मेवाड़ा, तनिष्क त्यागी, अनुभव सेन और ओम सोनी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे. कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनता की रसोई से जुड़ा यह मुद्दा केवल राजनीतिक नहीं बल्कि आम लोगों के जीवन से जुड़ा प्रश्न है. पार्टी का उद्देश्य सरकार का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करना है ताकि लोगों को राहत मिल सके.

### शिवराज के आरोपों की हो जांच : गुजराती



**सीहोर.** दिशा बैठक को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने प्रदेश सरकार और प्रशासन पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विधायकों द्वारा अधिकारियों पर लगाए आरोपों को सरकार को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच करानी चाहिए. उन्होंने कहा दिशा बैठक में निर्धारित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को ही शामिल होना चाहिए, लेकिन बैठकों में भाजपा पदाधिकारी भी उपस्थित रहे. यदि शासकीय बैठकों में बाहरी लोगों को आने की अनुमति है, तो कांग्रेस पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाना चाहिए, ताकि वे आमजन की समस्याएं प्रशासन तक पहुंचा सकें. उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह चौहान ने बैठक के दौरान कई अधिकारियों पर जांच और एफआईआर की बात कही, जिससे स्पष्ट होता है कि सीहोर जिले में भ्रष्टाचार और अव्यवस्था की स्थिति है. इतना ही नहीं नर्मदा नदी क्षेत्र में अवैध उत्खनन, वनों की कटाई और बुधनी-गोपालपुर सड़क के अधूरे कार्य से लोग परेशान हैं.

## पाराशर ने 66 साल की उम्र में जीता गोल्ड

नवभारत न्यूज

**सीहोर 15 मार्च.** 66 वर्षीय वेट लिफ्टिर मोहन पाराशर ने 66 की उम्र में हरियाणा के लोहारू में खेली गई मास्टर्स वेटलिफ्टिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मप्र का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीता है. वह अब तक छह बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर और पांच बार राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड हासिल कर जिले का नाम रोशन कर चुके हैं.



हरियाणा के लोहारू में मास्टर्स वेटलिफ्टिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मप्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए 66 वर्षीय वेटलिफ्टर मोहन पाराशर ने 135 किलोग्राम वजन उठाकर प्रतियोगिता के 65 से 69 आयु वर्ग और 95 किलोग्राम शरीर भार में गोल्ड हासिल किया. इससे पहले तीन बार विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुके हैं एवं दो स्वर्ण पदक कॉमनवेल्थ में एवं एक स्वर्ण पदक एशियन गे स में प्राप्त कर चुके हैं. मात्र 13 साल की उम्र में जिला स्तर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक गोल्ड हासिल करने वाले 66 वर्षीय वेटलिफ्टर मोहन पाराशर ने ग्राम बिलकिसगंज का नाम विश्व पटल में रोशन किया है. पाराशर ने बताया वह दिन में 6 घंटे प्रैक्टिस करते हैं. खिलाड़ियों को 2 शिफ्ट में कोचिंग देते हैं. उन्हें अनेक लोगों ने बधाई दी है.

### भूतड़ी अमावस्या पर लगाई ड्यूटी

**सीहोर.** भूतड़ी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आंवलीघाट पहुंचते हैं. श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कलेक्टर के निर्देशानुसार भूतड़ी अमावस्या के अवसर पर 17 से 19 मार्च तक अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है. सभी अधिकारियों को 17 मार्च से प्रातः 8 बजे से आंवलीघाट पर उपस्थित होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं. डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट को आवंली घाट पर गोताखोर एवं मोटरबोट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं. इसी प्रकार बुधनी एसडीओपी को सभी घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था व यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के निर्देश दिए गए.

## खड़े ट्रक से भिड़ी यात्रियों से भरी बस

- स्टेट हाईवे स्थित अमलाहा के समीप हुआ हादसा
- हादसे में बस में सवार यात्रियों को आईं मामूली चोटें

नवभारत न्यूज

**आष्टा 15 मार्च.** भोपाल-इंदौर रोड पर रविवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया.ङ ग्राम अमलाहा के पास भावखेड़ी जोड़ पर एक यात्री बस खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी. टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था.




प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बीच सड़क पर खड़े ट्रक को पीछे से आ रही यात्री बस ने टक्कर मार दी. टक्कर के बाद बस अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे बने डिवाइडर से भी जा टकराई. इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें बस ट्रक से टकराती दिखाई दे रही है.

हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से निकल गया. घटना के बाद आसपास के लोगों ने बस में सवार यात्रियों की मदद की और घायलों को प्राथमिक उपचार दिलाया. गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई. बस में सवार कुछ लोगों को मामूली चोटें आई थीं, जिन्हें प्राथमिक उपचार देने के बाद उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया.

## जानलेवा डीजे पर पुलिस की सख्ती, तीन डीजे जब्त

- भैरूंदा में महिला की मौत के बाद सक्रिय हुआ प्रशासन
- आष्टा पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई कर दो दिन में पकड़े तीन डीजे

नवभारत न्यूज

**सीहोर/आष्टा 15 मार्च.** बढ़ते ध्वनि प्रदूषण को देखते हुए पुलिस ने तेज आवाज में डीजे बजाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है. पिछले दो दिनों में पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए तीन डीजे जब्त कर संचालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए हैं.




आष्टा थाना पुलिस को कन्नौद रोड स्थित मुकाती एवेन्यू में तेज आवाज में डीजे बजने की शिकायत मिली थी. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और डीजे बंद करवाया. पुलिस ने डीजे संचालक रितेंद्र धनगर निवासी हरनावदा और डीजे मालिक महिपाल कुशवाहा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर डीजे उपकरण व वाहन जब्त कर लिया.

इसी तरह कोतवाली पुलिस ने पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में तेज आवाज में डीजे बजाने पर कार्रवाई की. जांच के दौरान पाया गया कि डीजे संचालक ने ट्राले को मॉडिफाई कर उस पर डीजे के बड़े बक्से लगा रखे थे. पुलिस ने आरोपी अभिषेक राठौर निवासी आराकश मोहल्लाके खिलाफ मामला दर्ज कर डीजे जब्त करते हुए न्यायालय में पेश होने का नोटिस दिया. वहीं आष्टा पुलिस ने कन्नौद रोड पर भोपाल से लाए आराध्या डीजे पर भी कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त किया और अंकित मारण निवासी रातीबड़ तथा चालक अमन विश्वकर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया. गौरतलब है कि दो दिन पहले भेरुन्दा में डीजे की तेज आवाज से एक बुजुर्ग की मौत के बाद व्यापारियों ने शहर बंद रखकर डीजे पर प्रतिबंध की मांग की थी. इसके बाद प्रशासन सख्त हुआ और कार्रवाई शुरू कर दी है.

## भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**सीहोर 15 मार्च.** भाजपा के आह्वान पर कार्यकर्ताओं के लिए पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहे हैं. इसी क्रम में श्यामपुर, इछावर एवं आष्टा ग्रामीण मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया.

मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर ने बताया इछावर मंडल के प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला प्रभारी विकास विरानी, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, विधायक प्रतिनिधि विष्णु वर्मा, मंडल अध्यक्ष पंकज नागर द्वारा किया गया. इसी प्रकार श्यामपुर मंडल के उद्घाटन सत्र में विधायक सुदेश राय, मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर सहित विषय वक्ता उपस्थित थे. वहीं आष्टा ग्रामीण मंडल के ग्राम भंवरा में विधायक गोपाल इंजीनियर, मंडल अध्यक्ष हरिओम, पिंटू परमार सहित विषय वक्ताओं की उपस्थिति रही.

भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा किभाजपा की कार्य पद्धति संगठनात्मक अनुशासन, सामूहिक नेतृत्व और कार्यकर्ता आधारित व्यवस्था पर आधारित है. बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक संगठन मजबूत संरचना के साथ कार्य करता है और प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के बीच रहकर सेवा, संवाद के माध्यम से पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करता है. जिला प्रभारी विकास विरानी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की.

### कथा में धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव

**सीहोर.** शहर के महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है. रविवार को महंत उद्धव दास महाराज ने कहा कि व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है. अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है. उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया. श्उन्होंने कहा कि भगवान की लीला अपरंपार है. वे अपनी लीलाओं के माध्यम से मनुष्य व देवताओं के धर्मानुसार आचरण करने के लिए प्रेरित करते हैं. भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है आवश्यकता है निर्मल मन ओर स्थिर चित्त के साथ कथा श्रवण करने की. भागवत श्रवण से परमानन्द की प्राप्ति होती है. भागवत श्रवण प्रेतयोनि से मुक्ति मिलती है.

लापरवाही ▶ सिविल अस्पताल की व्यवस्थाओं पर उठे सवालिया निशान

## अस्पताल में कंबल नहीं, मरीजों की फजीहत

नवभारत न्यूज

**बुधनी 15 मार्च.** सिविल अस्पताल में अव्यवस्थाओं का एक और मामला सामने आया है. बीतीरात इमरजेंसी वार्ड में भर्ती तीन मरीजों को कंबल नहीं मिलने पर परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा कर दिया.

जानकारी के अनुसार वार्ड 12 निवासी नरेश बामने अपनी पत्नी दीपा, बहू राखी और बेटी मीना की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे थे. डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर ड्रिप लगाई. आशंका जताई जा रही है कि दूषित भोजन के कारण उनकी तबीयत खराब हुई थी. इलाज के दौरान मरीजों को ठंड लगने लगी. परिजनों ने अस्पताल स्टाफ से कंबल उपलब्ध कराने की मांग की, लेकिन आरोप है कि तत्काल कंबल नहीं दिए गए. नाराज परिजनों ने विरोध जताया. मामला बढ़ता देख स्टाफ ने दूसरे वार्ड से कंबल मंगवाकर मरीजों को उपलब्ध कराया. सुबह मरीजों की हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उन्हें दोबारा अस्पताल लेकर पहुंचे. एक मरीज को इमरजेंसी वार्ड के बाहर बेंच पर लिटाए जाने पर लोगों ने नाराजगी जताई. बाद में स्टाफ ने मरीज को वार्ड में शिफ्ट कर दिया.

मामले में सीबीएमओ डॉ. डी. बड़ोदिया ने बताया कि अस्पताल में चादर और कंबल की व्यवस्था है, लेकिन कई बार मरीज या उनके परिजन अपने साथ ले जाते हैं, जिससे कमी की स्थिति बन जाती है.



कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस अस्पताल परिसर में आंदोलन करेगी. बताया जाता है कि करोड़ों रुपए की लागत से बने सिविल अस्पताल में अव्यवस्थाओं की शिकायतें पहले भी सामने आ चुकी हैं. हाल ही में खराब डीप फ्रीजर में रखे एक अज्ञात शव के सड़ने से अस्पताल परिसर में दुर्गंध फैलने का मामला भी चर्चा में रहा था.

### जबलपुर ने रिक्की इलेवन को 23 रन से हराया

**सीहोर.** बीएसआई मैदान पर स्व गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. रविवार को जबलपुर ने रिक्की इलेवन को 23 रन से हराया. जबलपुर ने 18.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 194 रन बनाए थे. वहीं रिक्की इलेवन निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 171 रन बना पाई.


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गोसिया उवेस पत्नि श्री सैयद मोहम्मद उवेस निवासी मेवातीपुरा कस्बा सीहोर (म.प्र.) पूर्व में मेरा नाम गोसिया जमाल था जो कि मेरी समस्त अंकसूचियों में भी अंकित है। मैंने अपना नाम बदलकर गोसिया उवेस रख लिया है, मेरे मूल दस्तावेजों जैसे आधार व पेन कार्ड में मेरा नया नाम ही लिखा है। मुझे भविष्य में मेरे नए नाम गोसिया उवेस से ही जाना व पहचाना जाए।

द्वारा

एडवोकेट सैयद मोहम्मद उवेस

जिला न्यायालय सीहोर

मोबा. 8602441148